मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 257, मुंबई, सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर



॥ शुभ लाभ ॥
MIX MITHAI
मोतीचूर लड्डू ★ बदाम बर्फी
91678 99501
zomato swiggy amazon
www.mmmithaiwala.in
sales@mmmithaiwala.in
MM MITHAIWALA
Opp. Rly. Stn., Malad (W) | Tel.: 2889 9501


## महाराष्ट्र : 3 राज्यों में जीत से बीजेपी का

# कॉन्फिडेंस हाई!

## लोकसभा की 48 में 45 सीटों पर ठोका दावा



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना विधानसभा चुनाव के नतीजें आने के बाद महाराष्ट्र में बीजेपी नेताओं का कॉन्फिडेंस हाई हो गया है। चार में से तीन राज्यों- एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी को शानदार जीत मिली है। बीजेपी नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी की सफलता का श्रेय पीएम मोदी को दिया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। बीजेपी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने विश्वास जताते हुए कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में शिवसेना, बीजेपी और एनसीपी अजित पवार गुट का 'महायुति' गठबंधन राज्य की 48 में से 45 से ज्यादा सीटें जीतेगा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### असली पनौती कौन? फडणवीस का निशाना

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की सफलता पीएम मोदी में लोगों के विश्वास के कारण है और यह जीत देश के लोगों के लिए पारदर्शी विकास के एजेंडे की है। उन्होंने कहा, इस जीत का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। यह उनके नाम और प्रसिद्धि का परिणाम है। जीत का श्रेय बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रमुख रणनीतिकार अमित शाह और राष्ट्रीय टीम को भी जाता है। फडणवीस ने बताया कि बीजेपी का मत प्रतिशत छत्तीसगढ़ में 14 फीसदी, मध्य प्रदेश में 8 फीसदी और तेलंगाना में करीब 10 फीसदी बढ़ा है। अगले लोकसभा चुनाव में बीजेपी तेलंगाना में नंबर वन पार्टी होगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बीजेपी नेता ने कहा, कांग्रेस को एहसास हो गया है कि असली पनौती कौन है। मुझे यकीन है कि वे मोदी जी के खिलाफ इस शब्द का इस्तेमाल फिर कभी नहीं करेंगे।

## मोदी नंबर वन- सीएम शिंदे

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक और राजस्थान में वादे तो किए लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया, इसलिए जनता उन्हें सत्ता से बाहर करेगी। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा कि पहले कहा जाता था 'घर-घर मोदी' लेकिन अब नतीजे 'मन-मन मोदी' वाले आये हैं, इससे एक बार फिर साबित हो गया कि लोकप्रियता में पीएम मोदी नंबर वन हैं। एकनाथ शिंदे ने कहा, कुछ लोग कह रहे थे कि मोदी का करिश्मा खत्म हो गया है। उन्हें बदनाम करने की कोशिश की। लेकिन चुनावों में लोगों ने मोदी जी का समर्थन किया। राहुल गांधी विदेश में जाकर देश को बदनाम करते है। मोदी को हराने के लिए 'इंडिया' गठबंधन एक साथ आया है, लेकिन कोई फायदा नहीं होगा और 2024 लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन का बंटाधार हो जाएगा।

## 2024 में हार तय– शरद पवार

बीजेपी के तीन राज्यों में बाजी मारने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने बड़ी भविष्यवाणी की। वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि आज के नतीजों का 2024 पर आसार नहीं होगा। बीजेपी और उसकी सहयोगी पार्टियां महाराष्ट्र में सत्ता में नहीं आएंगी। सतारा



में मीडिया से बात करते हुए शरद पवार ने कहा कि इस वक्त मोदी के पक्ष में रुझान है, इसे स्वीकार करना चाहिए। लेकिन 2024 में महाराष्ट्र में बीजेपी की हार निश्चित है। जब तक वास्तविक जानकारी सामने नहीं आती तब तक ईवीएम को दोष देना ठीक नहीं। पवार ने कहा, आज के नतीजे का इंडिया गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मंगलवार शाम 6 बजे इंडिया अलायंस की बैठक बुलाई गई है।

## मुंबई सिटी क्राइम ब्रांच यूनिट 9 ने खार में

# अवैध जुआ अड्डे का किया भंडाफोड़

## 40 से 50 लोगों को लिया गया हिरासत में





**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के खार इलाके में कल रात एक निर्णायक कदम में, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक के नेतृत्व में मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट 9 ने मुंबई के खार इलाके में एक आवासीय इमारत पर छापा मारा। परिसर के भीतर अवैध जुआ संचालन की उपस्थिति के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिलने के बाद ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। अंधेरे की आड़ में, कानून प्रवर्तन अधिकारी उस स्थान पर पहुंचे, और अवैध जुआ गतिविधियों में लगे लगभग 40 से 50 व्यक्तियों के हलचल भरे दृश्य की खोज की। आवासीय भवन, जो इस तरह के गैरकानूनी संचालन के लिए हॉटस्पॉट बन गया था, को तुरंत सीनियर पीआई दया नायक और उनकी टीम ने निशाना बनाया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक के नेतृत्व में मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट 9 की छापेमारी



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# सिलक्यारा घटना के सबक

**उत्तराखंड** में सिलक्यारा सुरंग से 41 श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय सराहनीय रहा है। भारतीय परियोजना प्रबंधन में ऐसी उपलब्धि यदा-कदा ही दिखती है। इसमें कोई शक नहीं कि सरकार ने सुरंग में फंसे इन लोगों को बाहर निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सामान्य आपदा प्रतिक्रिया बलों के अलावा नौ सरकारी एजेंसियां इस काम में दिन रात लगी हुई थीं। इनमें रक्षा संगठन और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां भी शामिल थीं। इस तरह, बचाव कार्य में उपकरणों से लेकर विशेषज्ञता सभी का साथ मिला। प्रधानमंत्री कार्यालय सीधे इस बचाव कार्य पर नजर रख रहा था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने स्वास्थ्य, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग और दूरसंचार मंत्रालयों को सभी उपलब्ध संसाधनों के साथ पूरी ताकत झोंक देने का निर्देश दे रखा था। सुरंग तकनीक एवं बचाव कार्य में विशेषज्ञता रखने वाली विदेशी एजेंसियों की भी मदद ली गई। सभी एजेंसियों ने अपनी तरफ से पूरा योगदान दिया और कठिन चुनौतियों के बीच 70 से 90 मीटर मलबे के नीचे कामगारों तक भोजन एवं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की। वे मनोवैज्ञानिक रूप से फंसे लोगों का उत्साह बढ़ाती रहीं। थाईलैंड में भी 2018 में एक बार ऐसी ही घटना हुई थी। वहां एक फुटबॉल टीम के 12 किशोर लड़के एवं उनके प्रशिक्षक एक बाढ़ग्रस्त गुफा में फंस गए थे। उन्हें बाहर निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक टीम तैयार की गई और कड़ी मेहनत के बाद 18 दिन बाद उन्हें बाहर निकाला जा सका। सिलक्यारा घटना इस मायने में अलग है कि इसमें ज्यादातर स्थानीय एजेंसियों ने मोर्चा संभाल रखा था। सिलक्यारा में बचाव कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद इसे भारत की जुगाड़ तकनीक की एक अद्भुत मिसाल के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। परंतु, इसके साथ ही यह हमें कुछ वास्तविकताओं से भी साक्षात्कार कराता है। थाईलैंड में ऊंची रकम पाने वाले ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के बचाव कर्मियों ने अहम भूमिका निभाई थी। इसके उलट भारत में अंतिम क्षणों में बचाव कार्य की जिम्मेदारी भारतीय श्रम व्यवस्था में अत्यधिक पिछड़े एवं प्रायः उपेक्षित श्रमिकों ने अहम भूमिका निभाई। जब अत्याधुनिक मशीन उपकरण कुछ विशेष नहीं कर पाए तब रैट-होल कोयला खनिकों ने बहुत ही कम जगह में गैस कटर, कुदाल और खाली हाथों से मलबे की अंतिम परत हटाई। सच्चाई यह है कि इन खनिकों की यह अनूठी एवं पुरानी विशेषज्ञता नौ वर्ष पूर्व प्रतिबंधित होने के बाद अब भी मौजूद है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण और उच्चतम न्यायालय ने इस विधि पर प्रतिबंध लगा दिया था। रैट-होल माइनिंग पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत में रोजगार की कमी के बारे में काफी कुछ कह जाती है। इन क्षेत्रों में रैट-होल माइनिंग विधि का इस्तेमाल होता है और सरकारी विभागों एवं उद्योगों की सांठगांठ से यह विधि अब भी अस्तित्व में बनी हुई है। रैट-होल खनिकों द्वारा दिखाई गई क्षमता को देखते हुए राज्य आपदा प्रबंधन में एक विकल्प के रूप में इस विधि का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन क्षेत्रों में बड़े स्तर पर निर्माण कार्यों को देखते हुए यह तरीका भी एक विकल्प के रूप में आजमाया जा सकता है। सिलक्यारा आपदा हमारा ध्यान इस तरफ खींचती है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें अत्यधिक संवेदनशील हिमालय क्षेत्र में किस तरह अंधाधुंध बड़े एवं अनावश्यक आधारभूत ढांचे- सड़क, सुरंग, रेलवे, बांध आदि-तैयार कर पर्यावरण से जुड़े जोखिम मोल ले रही हैं। इन परियोजनाओं की ढांचा भी पुख्ता नहीं होता है। कई बड़ी घटनाओं के बाद भी सरकार सचेत नहीं हो रही है। एक विषय पर तो तत्काल विचार करने की आवश्यकता है।

# महाराष्ट्र माइनोरिटी मिनिस्टर अब्दुल सत्तार का सरकारी माइनोरिटी क्षेत्रों को बेहतर और सक्रिय बनाने का मुस्लिम समुदाय को आश्वासन

## इस्लाम जिमखाना में मुस्लिम समुदाय के साथ हुई अहम बैठक

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के इस्लाम जिमखाना में तारीख 27 नवंबर 2023 को माइनोरिटी मामलों में महाराष्ट्र राज्य माइनोरिटी मिनिस्टर अब्दुल सत्तार अब्दुल नबी ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार माइनोरिटी क्षेत्रों में सुधार और सुधार के लिए हर मुमकिन प्रयास करेगी और अगले दस महीनों में कामों को अंजाम दुंगा और जटिल समस्याओं और बाधाएं दूर होंगी. इस्लाम जिमखाना और उसके प्रेसिडेंट एडवोकेट यूसुफ अब्राहानी के दावत पर नामी गिरामी मुसलमानों के साथ एक बैठक की गई और उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई।

जिनमें मुस्लिम बच्चों के लिए सरकारी स्कोलर्स सिप फीस, वक्फ बोर्ड, चेरीटेबल ट्रस्ट, माइनोरिटी के मामलके बारे में बैठक हुई, उन्होंने वादा किया कि मौलाना आजाद फाइनेंन्स कॉर्पोरेशन के लिए 500 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया है, और एड्युकेशन फंड भी बढ़ाया जाएगा जबकि विदेश में एड्युकेशन के लिए फंड देने की शर्तें सरल की जाएंगी। अब्दुल सत्तार ने कहा कि बंदोबस्ती संपत्तियों को सिस्टम के अधीन कर राष्ट्र को फायदा पहुंचाने तथा एड्युकेशनल व सामाजिक स्तर पर विकसित करने का प्रयास किया जायेगा.



उन्होंने आश्वासन दिया और दावा किया कि अगले दस महीने मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण होंगे और इन दस महीनों में क्रिकेट के दस ओवर की तरहां फास्ट काम करुंगा और माइनोरिटी समुदाय के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं लागू की जाएंगी।

शुरूआत में इस्लाम जिमखाना के प्रेसिडेंट एडवोकेट यूसुफ अब्राहानी ने कहा कि माइनोरिटी के अधिकारों और सुरक्षा पर अब्दुल सत्तार के विचार दूसरों से अलग हैं और वह इस संबंध में सकारात्मक सोच रखते हैं, लेकिन वो कार्रवाई करना चाहते हैं. उन्होंने कई मौकों पर यह कट टाइम भी दिया है. हुक्मरान भी अपनी कार्ययोजना पर ध्यान दे रहे हैं, यह स्वागत योग्य बात है. इस मौके पर एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और माइनोरिटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सैम खान ने कई सुझाव दिये और अपने अनुभव रखे. उन्होंने कई आयोगों और समितियों के गठन की भी मांग की. मिनिस्टर अब्दुल सत्तार ने उर्दू साहित्य अकादमी, माइनोरिटी आयोग, मौलाना आजाद वित्तीय निगम और माइनोरिटी से संबंधित अन्य समितियों के प्रमुखों को गर्मजोशी देने का भी आश्वासन दिया। इस बैठक के अंत में ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर ने संबोधन के साथ आभार व्यक्त किया, जबकि डॉ. मुहम्मद अली पाटनकर ने बैतमाल की स्थापना का सुझाव दिया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों एवं संगठनों एवं संस्थाओं के नामी गिरामी व्यक्ति एवं पत्रकार साथी उपस्थित थे।

# लंतरानी मिडिया की जानीब से 16वां सालाना इजलास ड्रग्स के खिलाफ मुहिम के साथ मनाया गया

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के इस्लाम जीमखाना में तारीख 30 नवंबर 2023 को उर्दू मिडिया नेटवर्क का लंतरानी मिडिया हाउस की जानीब से 16वां सालाना इजलास ड्रग्स के खिलाफ फ्री ड्रग्स मुंबई मुहिम चलाई जाएगी।

इस मौके पर मुख्य महेमानों में हजरत सय्यद मोईन मियां, मुंबई पुलिस फोर्स के जोइंट पुलिस कमिश्नर लो एंड ऑर्डर सत्य नारायण चौधरी, इस्लाम जीमखाना के प्रेसिडेंट एडवोकेट युसुफ अब्राहनी, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट युसुफ मुछाला, कांग्रेस प्रवक्ता निजामुद्दीन राईन, राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रवक्ता नसिम सिद्दीकी, डॉक्टर मोहम्मद अली पाटनकर, डॉक्टर मेहताब आलम, इस्लाम जीमखाना के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर फारुकी के साथ साथ मुंबई शहर के कई नामी गिरामी सख्सियात मौजूद रहे। इस सालाना इजलास में लंतरानी मिडिया की जानीब से ड्रग्स के खिलाफ एक मुहिम चलाई गई जिस में ड्रग्स के खिलाफ कैसे आवाज उठाई जाए और कीस तरहां ड्रग्स के खिलाफ लड़ा जाए मुंबई पुलिस फोर्स के जोइंट पुलिस कमिश्नर सत्य नारायण चौधरी, और सय्यद मोईन मियां, ने बताया कि हमें इसकी शुरूआत हमारे घर से करनी चाहिए, हमारे घरों पर ध्यान देना चाहिए कहीं हमारे बच्चे इसके शिकार तो नहीं






हुए हैं। खास तौर पर इस प्रोग्राम में आए हुए सभी महेमानों को फिल्म डायरेक्टर इकबाल नियाजी की जानीब से बनाई गई शोर्ट फिल्म धुआं जो सिर्फ महज 22 मिनट की है उसे दिखाया गया इस फिल्म में डायरेक्टर इकबाल नियाजी ने खास तौर पर ड्रग्स लेने से कैसे नुकसान होते हैं, इस के बारे में बताया है।

लंतरानी मिडिया हाउस की जानीब से शहर के चुनिंदा लोगों को जोइंट पुलिस कमिश्नर लो एंड ऑर्डर सत्य नारायण चौधरी के हाथों एवोर्ड से नवाजा गया और शाल पोशी करके एजाज बख्सा गया।ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर को ड्रग्स फ्री मुहिम में बेहतरीन काम करने पर जोइंट पुलिस कमिश्नर लो एंड ऑर्डर सत्य नारायण चौधरी के हाथों एवोर्ड से नवाजा गया। लंतरानी मिडिया हाउस के चेयरमैन असलम शेख, मेनेजिंग एडिटर मुनवर सुल्ताना, जनरल सेक्रेटरी इमरान मुल्ला, और लंतरानी मिडिया की पुरी टीम की जानीब से इस कार्यक्रम को कामयाबी के साथ अंजाम दिया गया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# देरी से ही सही शुरूआत तो हुई मुंब्रा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 4 के आखिरी पुल पर चढ़ान एस्केलेटर की

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** वर्षों विवादों के बाद मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर की शुरूआत की गई यह एस्केलेटर की शुरूआत रेलवे स्टेशन की टिकट काउंटर से सटकर प्लेटफार्म नंबर 4 पर की गई है जबकि सभी प्लेटफार्म पर चढ़ने और उतरने के लिए एस्केलेटर लगाने की मांग बीते कई वर्षों से की जा रही थी लेकिन रेलवे प्रशासन की तरफ से मुंब्रा शहर वासियों के लिए वर्षों से सौतेला व्यवहार ही किया जा रहा है काफी वर्षों के प्रयासों के बाद एस्केलेटर की शुरूआत की गई है लेकिन यात्रियों द्वारा अक्सर शिकायत की जा रही है कि एस्केलेटर अक्सर बंद पड़ा रहता है फिलहाल रेलवे प्रशासन द्वारा जैसे तैसे करके मुंब्रा शहर वासियों पर तरस आ गया और उन्होंने प्लेटफार्म नंबर 4 के आखिरी पुल पर चढ़ने के लिए चढ़ान एस्केलेटर की शुरूआत की गई है जिससे यात्रियों को कुछ हद तक राहत मिल जाने की संभावना नजर आ रही है हालांकि अब तक सभी प्लेटफार्म






पर एस्केलेटर लग जाना चाहिए था लेकिन रेलवे प्रशासन मुंब्रा शहर से सिर्फ पैसा दोनों हाथों से बटोर रहा है लेकिन सुविधाओं के नाम पर बाबाजी का टिल्लू दिया जा रहा है ना स्टेशनों पर बेहतर शौचालय बनाए गए हैं ना पीने के पानी कोई बेहतर व्यवस्था यात्रियों के लिए की गई है यात्रियों का कहना है की स्टेशन पर आरपीएफ जवानों की और जीआरपी पुलिस की कमी देखी जा रही है यात्रियों ने निवेदन किया है कि पुलिस बल प्लेटफार्म स्टेशन पर नियुक्त किया जाए और सभी स्टेशन और प्लेटफार्म पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए जिससे नशेड़ी द्वारा मोबाइल चोरी की और पाकिट मार जो संगीन वारदात को अंजाम दिया जा रहा है उसमें कमी आ सके और बैरिगेट लगाया जाए जिससे यात्री प्लेटफॉर्म पार न कर पाए और कोई दुर्घटना ना घटे यात्रियों का यह भी कहना है जिस प्रकार प्लेटफार्म नंबर 3 पर और 4 पर तेज गति की ट्रेनों की अवाजाही शुरू की गई है उससे दुर्घटनाएं काफी घट रही है और यात्रियों को पुल पार करने में काफी दिक्कतें हो रही है अगर पहले की तरह प्लेटफार्म नंबर 4 को प्लेटफार्म नंबर 2 और प्लेटफार्म नंबर 3 को प्लेटफार्म नंबर 1 कर दिया जाए तो यात्रियों को काफी आसानी होगी और तेज गति से ट्रेनों को जो अभी है प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 वहां से जाने दिए जाएं जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रियों का चढ़ना उतरना भी बच जाएगा क्योंकि काफी समय के बाद प्लेटफार्म नंबर 4 के आखिरी पुल पर मात्र चढ़ान एस्केलेटर की शुरूआत की गई है अब पता नहीं सभी प्लेटफार्म पर कब एस्केलेटर रेलवे प्रशासन द्वारा लगाया जाएगा यह तो समय ही बताएगा।

# मुंब्रा कौसा टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से मुंब्रा प्रीमियर लीग प्रतिस्पर्धा का आयोजन, बेहतर खिलाड़ी की बिक्री हुई 33 हजार रूपए

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** मुंब्रा कौसा टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से मुंब्रा प्रीमियर लीग प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया है इस अवसर पर मुंब्रा प्रीमियर लीग की बारे में जानकारी देते हुए मुंब्रा कौसा टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद अली अशरफ उर्फ भाई साहब ने पत्रकारों को बताया कि हमारे एसोसिएशन की और से क्रिकेट प्रतिस्पर्धा मुंब्रा प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया है और यह क्रिकेट प्रतिस्पर्धा की शुरूआत 8 दिसंबर शुक्रवार से लेकर 10 दिसंबर रविवार को संपन्न किया जाएगा उन्होंने बताया इस क्रिकेट प्रतिस्पर्धा सीजन 11 का आयोजन मौलाना अब्दुल कलाम आजाद स्टेडियम में आयोजित किया गया है और इस साल इस खेल में 16 टीमों ने भाग लिया है जो की मुंब्रा कौसा की ही है और हर टीम में 13 खिलाड़ी शामिल रहेंगे और हर सीजन की तरह इस सीजन में भी सीनियर्स प्लेयर 40 प्लस हर टीम में दो खिलाड़ी देखे जाएंगे और



हमारी मुंब्रा प्रीमियर लीग सीजन 11 में प्रथम लक्ष्य तक पहुंचने वाली टीम को पहला प्रथम पुरस्कार 3,33,333/- रुपए का दिया जाएगा और दूसरा पुरस्कार क्रिकेट खिलाड़ियों को 2,22,222/- रुपए दिया जाएगा इस अवसर पर प्रतिस्पर्धा प्रेमी एहतेशाम खान ने बताया की 16 टीम द्वारा भाग लिया जा रहा है और प्रति टीम से बतौर एंट्री फीस 1,20,000/-रुपए ली जाएगी जिसमें आधी एंट्री फीस क्रिकेट खिलाड़ियों को वापस दिया जाएगा और आधी एंट्री फीस का पैसा मुंब्रा प्रीमियर लीग को आयोजन करने में उपयोग किया जाएगा उन्होंने बताया मुंब्रा शहर में लगातार 11 वर्षों से क्रिकेट प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है और उन्होंने बताया हमारी मुंब्रा कौसा टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से कई बच्चे डिस्ट्रिक्ट लेवल पर और नेशनल लेवल पर खेल रहे हैं हमारी कोशिश है की हमारे माध्यम से मुंब्रा कौसा के क्रिकेट खिलाड़ी बच्चों को सुनहरा अवसर मिले जिससे उनका भविष्य सुधर जाए और वह मुंब्रा का नाम रोशन कर सके उन्होंने बताया की क्रिकेट प्रतिस्पर्धा का आयोजन करने से बच्चों के हौसले बुलंद होते हैं और शायद यही कारण है की सबसे बेहतर खिलाड़ी का की बिक्री इस प्रतिस्पर्धा मुंब्रा प्रीमियर लीग में 33 हजार रूपए में हुई है उन्होंने मैच के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारा मुंब्रा प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच दिन और रात में खेला जाएगा और खिलाड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्था किया गया है इस अवसर पर मुंब्रा कौसा टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सैयद अली अशरफ उर्फ भाई साहब, कार्यकारी अध्यक्ष शमीम खान, वाइस चेयरमैन फरीद जरीवाला, चीफ प्रमोटर एहतेशाम खान, सेक्रेटरी शब्बीर खान, ट्रेजर नासिर पठान, जॉइंट ट्रेजर परवेज खान, कोऑर्डिनेटर इम्तियाज वनों, सलाहकार सादिक शेख, जावेद शेख, और तमाम मेंबरों की उपस्थिति में इस खेल प्रतिस्पर्धा की बारे में जानकारी दी गई।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## मुंबई सिटी क्राइम ब्रांच यूनिट 9 ने खार में अवैध जुआ अड्डे का किया भंडाफोड़





अवैध जुआ लंबे समय से कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रहा है, जो न केवल सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इसमें योगदान भी दे रहा है। विभिन्न आपराधिक गतिविधियाँ। मुंबई क्राइम ब्रांच, जो संगठित अपराध से निपटने में अपने सक्रिय दृष्टिकोण के लिए जानी जाती है, ने इस विशेष जुए के अड्डे को खत्म करने के लिए त्वरित कार्रवाई की। आपराधिक उद्यमों पर नकेल कसने के लिए जाने जाने वाले एक अनुभवी अधिकारी, सीनियर पीआई दया नायक ने छापेमारी का नेतृत्व किया। उनकी रणनीतिक योजना और कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के प्रति समर्पण ने सफल ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लक्षित छापेमारी समुदाय की सुरक्षा और भलाई को कमजोर करने वाली अवैध गतिविधियों को खत्म करने के लिए मुंबई पुलिस की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। घटनास्थल पर पाए गए व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया गया, और अवैध जुआ संचालन से संबंधित सबूत जब्त कर लिए गए। मुंबई क्राइम ब्रांच से अपेक्षा की जाती है कि वह व्यापक आपराधिक नेटवर्क के किसी भी संभावित कनेक्शन की पहचान करने के लिए गहन जांच करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि सभी जिम्मेदार पक्षों को जवाबदेह ठहराया जाए। यह हालिया छापेमारी अवैध जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के लिए एक कड़ी चेतावनी के रूप में कार्य करती है। प्रवर्तन एजेंसियां सतर्क हैं और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं। सीनियर पीआई दया नायक के नेतृत्व में मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट 9, आपराधिक अभियानों को लगातार आगे बढ़ाकर और नष्ट करके कानून को बनाए रखना और शहर की सुरक्षा बनाए रखना जारी रखती है। छापे मारी के बाद 40 से 50 लोगों पर कार्रवाई की गई है आगे जांच मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट 9 द्वारा की जा रही है।

## महाराष्ट्रः 3 राज्यों में जीत से बीजेपी का कॉन्फिडेंस हाई!

नागपुर में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश बीजेपी प्रमुख ने कहा, महाराष्ट्र में 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में 'महायुति' 288 में से करीब 225 सीटों पर जीत का परचम फहराएगी। महायुति में सत्तारूढ़ बीजेपी, सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और एनसीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी) अजित पवार गुट शामिल हैं। इस दौरान बावनकुले ने कहा कि लोगों ने पीएम मोदी के कामों पर मुहर लगाई है, जिससे पार्टी कार्यकर्ता खुश हैं। यह जीत प्रधानमंत्री की गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं और महिला सशक्तिकरण योजनाओं का परिणाम है। सभी समुदायों ने एमपी और छत्तीसगढ़ में बीजेपी को वोट दिया है। तेलंगाना में भी बीजेपी का वोट प्रतिशत बढ़ा है।

# निजी बैंकों में जमकर मिल रहीं नौकरियां, टूट सकता है 10 साल का रिकॉर्ड

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

- बैंकिंग सेक्टर में किए जा रहे सुधार से बढ़े रोजगार

बैंकिंग सेक्टर में नौकरियों की बहार आ गई है। कारोबार बढ़ने के चलते न केवल सरकारी बल्कि प्राइवेट बैंकों ने जमकर नौकरियां दी हैं। आगे भी यही ट्रेंड देखने को मिलेगा क्योंकि बैंकिंग सेक्टर में हो रहे सुधार, आरबीआई की सख्ती और डिजिटलाइजेशन से बैंकों का कारोबार और तेजी से बढ़ेगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में बैंकों ने लगभग 1.23 लाख लोगों को जॉब दिए। यह पिछले 10 सालों में सबसे ज्यादा था। इस दौरान प्राइवेट बैंकों ने सबसे ज्यादा नौकरियां बांटीं। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले वित्त वर्ष में बैंक और भी ज्यादा नौकरियां ऑफर करेंगे।

## डिजिटलाइजेशन से बैंकों का कारोबार और तेजी से बढ़ेगा

### छोटे शहरों और गांवों में बिजनेस हथियाने की तैयारी

निजी बैंक छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में कारोबार की बड़ी संभावनाएं देख रहे हैं। इन इलाकों में सिर्फ सरकारी बैंकों के ऑप्शन ही उपलब्ध हैं। इसलिए नई भर्तियां कर निजी बैंक इन इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत बनाना चाहते हैं। साथ ही ये बैंक डिजिटल प्लेटफॉर्म मजबूत करने के अलावा ब्रांच बढ़ाने पर भी जोर दे रहे हैं। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, रिटेल लोन और घरों की बढ़ती डिमांड ने भी नौकरियां बढ़ाने का माहौल बना दिया है। साथ ही बैंकों को पुराने कर्मचारी अपने साथ जोड़े रखने की मशक्कत भी करनी पड़ रही है।



### वर्ष 2011 में सवा लाख जॉब मिले थे

प्राइवेट सेक्टर के एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, बंधन बैंक और एयू बैंक ने 2023 में अपनी विस्तार योजनाओं के चलते रोजाना सैकड़ों नौकरियां दीं। बैंकिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा नौकरियां वित्त वर्ष 2011 में मिली थीं। उस समय बैंकों में लगभग 1.25 लाख लोगों को जॉब मिले थे।

### निजी बैंकों ने दीं सबसे ज्यादा नौकरियां

मेट्रो और बड़े शहरों में अपनी पकड़ बना चुके निजी बैंक अब टियर-3 और ग्रामीण इलाकों पर फोकस कर रहे हैं। इसलिए नई नौकरियां देने में निजी बैंक सबसे आगे रहे हैं। उन्होंने कस्टमर सुविधाओं, कर्ज, इंश्योरेंस और टेक्नोलॉजी सेगमेंट में सबसे ज्यादा जॉब दिए।

### बैंकों में 17 लाख से ज्यादा हैं कर्मचारी

बैंकों में कुल नौकरियों की संख्या वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले 2023 में 7.4 फीसदी बढ़ गई। फिलहाल सरकारी और निजी बैंकों में लगभग 17 लाख लोगों को रोजगार मिला हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के अंत तक नई नौकरियों की संख्या 1.25 लाख के आंकड़े को आसानी से पार कर जाएगी।


# सुन्नी दावत ए इस्लामी का तीन रोजा 31वां सालाना सुन्नी इजतेमां 2023 मुंबई में शानो शौकत से हुआ

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**



**मुंबई।** मुंबई के आजाद मैदान वादी ए नुर में सुन्नी दावत ए इस्लामी का तीन रोजा 31वां सालाना सुन्नी इजतेमां 1, 2,और 3, डिसेंबर 2023 को मुंबई के आजाद मैदान वादी ए नुर में शानो शौकत से हुआ। सुन्नी दावत ए इस्लामी के अमीरे अहले सुन्नत हजरत अल्लामा मौलाना शाकीर नुरी की जेरे परस्ती में ये तीन दिनों का इजतेमां हुआ। इजतेमां में तीनों दिन कई पोलिटिकल लिडर भी उपस्थित रहे। सथ में हिंदुस्तान भर के सुन्नी दावत ए इस्लामी के मुबल्लिग भी मौजूद रहे।

सुन्नी दावत ए इस्लामी के अमीरे अहले सुन्नत हजरत अल्लामा मौलाना शाकीर नुरी ने अपने बयान में बताया कि आज के नौजवानों को इल्म हासिल करने की जरूरत है एड्युकेशन पर ध्यान देना चाहिए साथ में दिन की भी तालीम हासिल करनी चाहिए। वहीं बुलबुले बागे मदिना अल्हाज कारी रिजवान कादरी ने भी बताया कि आज के इस दौर में मुआशरे को इल्म की सख्त जरूरत है और एड्युकेशन पर ध्यान देना चाहिए और साथ में दिन की भी तालीम हासिल करनी चाहिए। जिसमें 1 डिसेंबर को ख़्वातीन के बाद नमाज ए जुमा से बाद नमाज ए इशा तक इजतेमां हुआ। जिसमें 1,00,000 (एक लाख) महिलाएं पहले दिन दिन सिखने आई दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक महिलाओं ने दिन की मालुमात लेते हुए दिन की तालीम हासिल किया। 2 डिसेंबर 2023 सुबह 10 बजे से मर्दों के लिए इजतेमां हुआ जिसमें 2,00,000 (दो लाख) मर्द हजरात दिनी तालीम हासिल करने आजाद मैदान में पहुंचे और मुसल सल दो दिन और एक रात दिनी तालीम को हासिल करने के लिए डटे रहे। 3 डिसेंबर को इजतेमां में स्कुल और कॉलेज के स्टुडेंट के लिए सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एड्युकेशनल मोटीवेशन पर एक खास प्रोग्राम किया गया। और मर्दों के लिए इजतेमां हुआ। इस इजतेमां में लाखों की तादाद में लोग इजतेमां में आए और दिनी तालीम हासिल करने के लिए इजतेमां में पहुंचे। इजतेमां में तीनों दिन अलग अलग आलीमे दिन के बयानात हुए और मसले मसाईल पर तवज्जो दी गई। 3 डिसेंबर 2023 को आखिर में दुआ हुई जिसमें सुन्नी दावत ए इस्लामी की तरफ से जिक्रे इलाही के बाद दुआ की गई। इस आखरी दुआ में लाखों लोगों ने सिर्कत की और लोग अपने गुनाहों से झारो कतार रोने लगे और अल्लाह की बारगाह में माफी मांगते हुए नजर आए। पुरे तीन दिनों का इजतेमां एस डी आई चेनल पर लाईव दिखाया गया जिसमें दुनिया भर के लोगों ने इस इजतेमां का लाईव देखे और इजतेमां में सामील हुए।




# द.भारत में कर्नाटक के बाद कांग्रेस ने जीता पड़ोसी राज्य तेलंगाना भी






मध्य प्रदेश समेत चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे से कांग्रेस को जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद थी, उससे परिणाम एकदम उलट आए हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी भगवा दल की सरकार बन गई है। सिर्फ तेलंगाना में ही कांग्रेस बहुमत मिला है। राज्य के गठन के बाद पहली बार तेलंगाना में सत्ता परिवर्तन हुआ है।

बीआरएस की जगह कांग्रेस सत्ता पाने में सफल हो गई है। तेलंगाना से पहले कांग्रेस को कर्नाटक में भी जीत मिल चुकी है। तमिलनाडु समेत अन्य दक्षिण के राज्यों में भी विपक्षी दलों की सरकार है। नतीजों में कांग्रेस ने हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों को पूरी तरह से गंवा दिया। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी की उम्मीद हवा हो गई। अब सिर्फ एक राज्य तेलंगाना ही झोली में आ पाया। कर्नाटक के बाद तेलंगाना में जीत से कांग्रेस का दक्षिण भारत में दबदबा बढ़ा है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बंपर जीत मिली थी। कांग्रेस ने 135 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि भाजपा को 66 सीटों पर ही जीत मिल सकी थी।

### तेलंगाना के लोगों का धन्यवाद



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट में लिखा कि विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद - प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम ज़रूर पूरा करेंगे। कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया।

### हम खरीद-फरोख्त को लेकर सतर्क हैं:



कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि हम सभी विधायकों से मिलेंगे और फिर पार्टी आलाकमान के फैसले के साथ जाएंगे। कोई खतरा नहीं है लेकिन हम खरीद-फरोख्त को लेकर सतर्क हैं। यह कांग्रेस की नहीं बल्कि तेलंगाना के लोगों की जीत है।

### तेलंगाना के डीजीपी अंजनी कुमार सस्पेंड



भारत निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में तेलंगाना के डीजीपी अंजनी कुमार को निलंबित कर दिया है। डीजीपी ने अनुमुला रेवंत रेड्डी से मुलाकात की थी। उन्होंने चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के आवास पर गुलदस्ता भेंट किया था।

### 700 कारों से अन्य राज्यों में दिखाते थे जलवा



केसीआर की हार के पीछे की वजह राष्ट्रीय राजनीति के प्रति झुकाव माना जा रहा है। केसीआर तेलंगाना के बाहर महाराष्ट्र में 700-700 कारों के काफिले के साथ पार्टी का प्रसार करने में जुटे थे। इन रैलियों में उनके साथ पूरी तेलंगाना कैबिनेट भी जाती थी।

# राज्य के गठन के बाद पहली बार तेलंगाना में सत्ता परिवर्तन हुआ बीआरएस से कांग्रेस ने छीनी सत्ता

## ये रही इस बार की करिश्माई टैली

**तेलंगाना**

कुल सीट **119**

बहुमत **60**

| पार्टी | सीटें |
|---|---|
| कांग्रेस | 64 |
| बीएचआरएस | 39 |
| भाजपा | 08 |
| एआईएमआईए | 07 |
| सीपीआई | 01 |

### क्यों हारे

- केसीआर को ले डूबा भरोसा
- 'स्वर्णिम तेलंगाना' बनाने के वादे पर खरा नहीं उतरना
- बेरोजगारों को नहीं दिया भत्ता, दलितबंधु योजना में कट–कमीशन

### कांग्रेस की जीत के कारण

- बेरोजगार युवा को चार हजार रुपए हर माह देने का बड़ा वादा
- महिलाओं के लिए भी 2500 रुपए देने का ऐलान
- बुज़ुर्गों को 4000 रुपए का तोहफा देने को कहा
- किसानों को 15 हजार वित्तीय सहायता देंगे

### कांग्रेस की जीत के कैप्टन बने रेवंत रेड्डी

तेलंगाना में कांग्रेस की जीत का नायक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रेवंत रेड्डी को कहा जा रहा है। रेड्डी इस बार के चुनावों में कांग्रेस के स्टार लीडर बन गए। रेड्डी को 2021 में जब से कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष बनाया, तभी से वो विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लगे थे। इसका असर आज कांग्रेस की शानदार जीत के रूप में सामने आ चुका है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ अक्सर चुनावी रैलियों में वो दिखाई दिए। देते रहे। 2017 में कांग्रेस में शामिल होने वाले रेवंत रेड्डी तेलंगाना के सीएम की रेस में सबसे आगे आ चुके हैं।



## बीते सप्ताह तेल तिलहनों में रहा गिरावट का रुख

**नई दिल्ली।** बैंकों का ऋण साखपत्र (लेटर आफ क्रेडिट) बरकरार रखने के लिए आयातित तेलों का कारोबार मार्जिन के बगैर भी जारी रखने से से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली को छोड़कर बाकी खाद्य तेल तिलहनों में गिरावट रही। बाजार सूत्रों ने कहा कि धन की कमी का सामना कर रहे आयातकों का इतना बुरा हाल है।

## विशेषज्ञों ने मुद्रास्फीति नियंत्रण में होने की बात कही

# नीतिगत दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है आरबीआई

- एमपीसी की बैठक छह दिसंबर से शुरू होगी
- पिछली चार द्विमासिक नीतिगत रेपो दर में परिवर्तन नहीं
- दर संबंधी फैसले की घोषणा आठ दिसंबर को की जाएगी

मुंबई हलचल / मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में अल्पकालिक ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रख सकता है। विशेषज्ञों ने मुद्रास्फीति के नियंत्रण में होने और आर्थिक वृद्धि की रफ्तार संतोषजनक होने के आधार पर यह अनुमान जताया है।

आरबीआई ने अपनी पिछली चार द्विमासिक समीक्षाओं में नीतिगत रेपो दर को अपरिवर्तित रखा है। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। रूस-यूक्रेन युद्ध और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों की वजह से महंगाई बढ़ने के कारण मई 2022 में रेपो दर में बढ़ोतरी का दौर शुरू हुआ था जो फरवरी, 2023 तक चलता रहा।

### आरबीआई गवर्नर करेंगे बैठक की अध्यक्षता

लेकिन अप्रैल, 2023 की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा से रेपो दर स्थिर बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक छह दिसंबर को शुरू होगी।

### एमपीसी में तीन बाहरी व तीन अंदरूनी सदस्य



आरबीआई की एमपीसी में तीन बाहरी और तीन अंदरूनी सदस्य हैं। बाहरी सदस्यों के तौर पर शशांक भिडे, आशिमा गोयल और जयंत आर वर्मा हैं जबकि अंदरूनी सदस्यों में गवर्नर शक्तिकांत दास, कार्यकारी निदेशक राजीव रंजन और डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा शामिल हैं।

### नोमुरा भी नीतिगत दरें नहीं बढ़ाने के पक्ष में

नोमुरा में अर्थशास्त्री (भारत) ऑरोदीप नंदी को भी उम्मीद है कि एमपीसी अपनी दिसंबर की नीतिगत बैठक में दरें नहीं बढ़ाने का सर्वसम्मत फैसला करेगी। धानुका समूह के चेयरमैन आर जी अग्रवाल ने भी ऐसी ही उम्मीद जताते हुए कहा कि भारतीय कृषि को तकनीकी प्रगति को अपनाना चाहिए और इसके लिए किफायती वित्तपोषण जरूरी है।




### अर्थव्यवस्था पटरी पर

सबनवीस ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान जीडीपी में दर्ज 7.6 प्रतिशत की वृद्धि यह भरोसा देती है कि अर्थव्यवस्था पटरी पर है। पिछले कुछ महीनों में कम मुद्रास्फीति के आंकड़े भी इस बात की गुंजाइश देते हैं कि दरें बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है।

### पुराना रुख कायम रहेगा

मौद्रिक नीति के संदर्भ में सर्वोच्च नीति नियामक एमपीसी के दर संबंधी फैसले की घोषणा आठ नवंबर को की जाएगी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि केंद्रीय बैंक इस बार नीतिगत ब्याज दरों के साथ अपने मौद्रिक रुख पर भी पुराना रुख कायम रख सकता है।

### नोमुरा ने जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया




जापान की ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 5.9 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी के आधिकारिक आंकड़ें आने के बाद यह बढ़ोतरी की गई। हालांकि ब्रोकरेज कंपनियों के अर्थशास्त्रियों ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत तक धीमी होने का अनुमान है। उन्होंने एक बयान में कहा कि चुनाव से पहले सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सुस्ती, ग्रामीण मांग और निजी पूंजीगत व्यय में गिरावट, वैश्विक नरमी के कारण 2024-25 में वृद्धि दर घट सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण, खनन और सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7.6 प्रतिशत रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत थी।

## उत्तराखंड हलचल

# सीएम धामी ने पीएम मोदी से मुलाकात कर वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन का दिया निमंत्रण

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें देहरादून में 08 व 09 दिसम्बर, 2023 को आयोजित हो रहे वैश्विक निवेश सम्मेलन के उद्घाटन हेतु आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का सिल्क्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की निकासी के दौरान दिये गये मार्गनिर्देशन और सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा इसके लिये सभी आवश्यक संसाधन एवं मानवीय सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही निरन्तर इस विकट परिस्थिति का अनुश्रवण करने तथा इस अभियान से जुडे लोगों, श्रमिकों एवं उनके परिजनों का मनोबल बढाने से ही हम इस गम्भीर संकट से अपने श्रमिक भाइयों को सुरक्षित वापस लाने में सफल हो पाये है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से राज्य से जुडे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल कर 1730.21 करोड की स्वीकृति के लिये आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने सौंग



बांध पेयजल परियोजना को पूंजीगत व्यय हेतु वित्तीय सहायता के रूप में रू0 2460 करोड की स्वीकृति तथा जौलीग्रान्ट हवाई अड्डे के उच्चीकरण हेतु विशेष वित्तीय सहायता के रूप में रू0 3000 करोड की वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर, हरिद्वार में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने, न्यूजीलैण्ड के सहयोग से चल रहे कीवी फिजिविलटी स्टडी में उत्तराखण्ड को सम्मिलित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने मानसखण्ड मन्दिर माला परियोजना के विकास तथा पिथौरागढ़ के लिये सुगम यात्रा हेतु 508 किमी. सड़क के लिये 20 डीपीआर की मंजूरी के साथ रू0 1000 करोड की स्वीकृति तथा 03 राज्य मार्गो काठगोदाम-भीमताल ध्यानचुली-खेतीखान-लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग, ह्ममोहन-भतरोंजखान-भिकियासैंण-देघाट-बुंगीधर नागचुलाखाल- मेहलचौरी मोटर मार्ग, खैरना-रानीखेत-भतरोंजखान मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से कुमाऊ में जोलिंगकोंग-बेदांग 05 कि०मी०, सिपू-टोला 22 कि०मी० एवं मिलम लाप्थल 30 कि०मी० की तीन सुरंग परियोजनाओं की स्वीकृति के साथ टनकपुर-बागेश्वर रेल योजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में पूर्ण वित्तपोषण हेतु रू0-44,140 करोड की वित्तीय स्वीकृति का अनुरोध किया। उन्होंने नैनी-सैनी हवाई अड्डे से फिक्स्ड विंग वायुयान के संचालन, पंतनगर हवाई अड्डे के विस्तार के लिये एयरपोर्ट अर्थारिटी ऑफ इंडिया को त्वरित कार्यवाही करने तथा कुमाऊ क्षेत्र में राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र की स्थापना का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ में धौलीगंगा एवं गौरी गंगा नदियों पर प्रस्तावित विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं के विकास एवं निर्माण की अनुमति तथा अलकनंदा, भगीरथी एवं उसकी सहायक नदियों में निर्विवादित 11 परियोजनाओं जिनकी कुल क्षमता 771 मे०वा० के विकास एवं निर्माण की अनुमति के साथ अलकनंदा, भगीरथी एवं उसकी सहायक नदियों में विशेषज्ञ समिति-2 द्वारा संस्तुत 10 परियोजनाओं जिनकी कुल क्षमता 1352 मेगावाट है के विकास एवं निर्माण की अनुमति देने का भी अनुरोध किया।

# बीजेपी विधायक मंहत दिलीप रावत का वीडियो वायरल विपक्ष हुआ आक्रामक, विधायक ने दी सफाई

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** बीजेपी के लैंसडाउन से विधायक मंहत दिलीप रावत का एक वीडियो वायरल हो रहा है .. जिसमे वह परिवहन विभाग के अधिकारी को डांट रहे है। जिसके बाद अब कांग्रेस ने भाजपा नेताओं के खिलाफ आक्रामक रुख अपना लिया है। भाजपा संगटन की मुसीबते कम होने के बजाय उनके नेताओं द्वारा बढाई जा रही है ङ्क भाजपा संगटन कई बार अपने नेताओं को ताकीद कर चुका है की अपनी भाषा में संयम में बरते और किसी से भी असभ्य भाषा का प्रयोग न करे। लेकिन हर बार ये निर्देश भाजपा के विधायक और मंत्री भूल जाते है। इसलिए समय समय पर भाजपा नेतओ के वाइरल वीडियो संगठन के लिए मुसीबत और विपक्ष के मोका देने वाले साबित हो रहे है। ताजी घटना लैंसडाउन के भाजपा विधायक महंत दिलीप रावत का है जो परिवहन विभाग के अधिकारी



के साथ अमर्यादित व्यवहार और असभ्य भाषा का प्रयोग कर रहे है। भाजपा के लिए ये कोई पहला मामला नहीं है ..बल्कि इससे पूर्व में भी काबिना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल और गणेश जोशी के भी ऐसी ही वीडियो वाइरल हुए है ..जिन पर कोई कार्यवही न तो संघटन स्तर पर हुई है और न ही सरकार के स्तर पर / भाजपा विधायक के इस वाइरल वीडियो पर बीजेपी सफाई दे रही है। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा की उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है। ओर अगर ऐसा कोई मामला आता है तो उसकी जाँच की जाएगी / वही विधायक दलीप रावत ने तो अधिकारी पर ही सवाल खडे कर दिए और कहा कि वो अवैध वसूली कर रहा था। कांग्रेस की तरफ से इस मामले पर भाजपा को लेकर कई सवाल उठाये जा रहे है। भाजपा विधायक के इस वाइरल वीडियो पर कांग्रेस ने कहा की पूर्व में भाजपा के मंत्री भी कई बार ऐसी हरकत कर चुके है ..लेकिन तब भी भाजपा का अनुशासन वाला डंडा नहीं चला ..और यही वजह है की आज ऐसी घटनाये हो रही है। भाजपा के विधायक का वाइरल वीडियो कांग्रेस के लिए बड़ा मोका है। क्यूंकि आने वाला समय चुनाव का है और ऐसे ही वीडियो को बड़ा हथियार बना सकते है।

## सैन्य धाम निर्माण धीमा, मंत्री ने दिसंबर डेडलाइन नहीं अब ये डेडलाइन बनाई



**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून स्थित गुनियाल गांव में निमार्णाधीन सैन्यधाम का निरीक्षण किया। सैनिक कल्याण मंत्री ने अधिकारियों को फरवरी 2024 की डेडलाइन के भीतर सैन्य धाम के निर्माण कार्य को किसी भी हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण से संबंधित सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा पर पूरा करने के सख्त निर्देश भी दिए। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा लगभग 75 प्रतिशत सैन्य धाम का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा किसी भी हाल में 25 फरवरी तक सैन्य धाम जनता को समर्पित किया जायेगा। मंत्री ने कहा शहीद सम्मान यात्रा के बाद भी उत्तराखण्ड के कई जवान शहीद हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी शहीद सम्मान यात्रा के बाद शहीद हुए शहीदों के नाम का आंकड़ा तैयार करने के भी निर्देशित किया ताकि सभी का नाम सैन्यधाम में ससम्मान प्रदर्शित हो सके।

## तीन राज्यों में जीत के बाद देहरादून में भाजपा कार्यालय में मना जश्न

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** देश के चार राज्यों के आए चुनावी नतीजे के बाद भाजपा में खुशी कि लहर है... भाजपा मुख्यालय देहरादून में पार्टी को मिली जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर जीत की खुशी मनाई गई... इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे... इस दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है.... सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता लाभान्वित हो रही है... यही वजह है कि भाजपा को जनता का स्नेह लगातार मिल रहा है आपको बता दे की मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने भारी बहुमत से जीत दर्ज की है।



## विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रदान किए गए पुरस्कार

**मुंबई हलचल/ वैभव पेटवाल**

**देहरादून।** विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष में आज लार्ड वैंकटश्वर वैडिंगप्वाइंट सुभाष रोड, देहरादून में उत्तराखण्ड के दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, उत्कृष्ट दिव्यांग खिलाडी, स्वतः रोजगार में रत दिव्यांग, सेवायोजक अधिकारी व प्लेसमेंट अधिकारी को राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार प्रदान करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मा० विधायक, विधानसभा क्षेत्र राजपुर रोड खजान दास द्वारा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा० मंत्री, वन, भाषा, निर्वाचन एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सरकारसुबोध उनियाल, एवं मा० विधायक, विधानसभा क्षेत्र कैण्ट, श्रीमती सविता कपूर, मा० अध्यक्ष, उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, मा० अध्यक्ष, उत्तराखण्ड अन्य पिछडा वर्ग आयोग संजय नेगी एवं मा० अध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक अयोग डॉ० आर०के० जैन द्वारा प्रतिभाग किया गया। समाज कल्याण निदेशक आशीष भटगांई द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए दिव्यांगजनों हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं और विभागीय उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# चौथा स्तंभ ही नहीं, अपितु लोकतंत्र का रक्षक है मीडिया

## पत्रकार विकास संघ की 15वीं वर्षगांठ पर बोले विधानसभा अध्यक्ष









**मुंबईहलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी की लोकतंत्र के अन्य स्तंभों की। मेरा ऐसा मानना है कि मीडिया चौथा स्तंभ ही नही बल्कि लोकतंत्र की रक्षा करने वाला रक्षक है मीडिया। हम राजनेताओं को मीडिया न केवल जागरूक करता है बल्कि समाज की अन्य समस्याओं को हम तक पहुंचने का उल्लेखनीय कार्य करता है। बदलते दौर में मीडिया की भूमिका भी काफी बदली है और चुनती पूर्ण हो गई है। ऐसा विचार महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने व्यक्त किया। वह शनिवार को मालाड पश्चिम के लिंक रोड स्थित होटल साई पैलेस ग्रैंड के सभागृह में पत्रकार विकास संघ द्वारा आयोजित 15वीं वर्षगांठ पर बोल रहे थे। नार्वेकर ने आगे कहा कि मेरी पूरी कोशिश होगी कि मीडिया जगत के लोगों की जो भी समस्याएं हो उसे हम प्राथमिकता के आधार पर हल करें। मेरी यह भी कोशिश होगी कि विधानसभा या अन्य स्थानों पर रिपोर्टिंग करने के लिए इन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। नागपुर में होने वाले शीतकालीन सत्र में हमने पत्रकारों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त पत्रकार कक्ष बनाने का निर्णय किया है। कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि मुंबई पुलिस के संयुक्त आयुक्त (कानून और व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने कहा कि पुलिस की तरह पत्रकारों का भी काम काफी चुनौती पूर्ण होता है, इन्हें भी विषम परिस्थितियों में काम करना पड़ता है। सुबह से देर शाम तक देश के कोने-कोने में होने वाली घटनाओं पर नजर रखनी होती है। ऐसे में सोशल मीडिया की चुनौतियों से भी निपटाना पड़ता है, क्योंकि कभी-कभी उसमें कुछ भ्रामक खबरें आती है इसलिए मेरा सभी पत्रकार मित्रों से सुझाव है कि कोई भी खबर छापने से पहले संबंधित विभाग के अधिकारियों से कंफर्म कर लें, क्योंकि आपकी हैडलाइन का समाज पर बहुत महत्व पड़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे दैनिक भास्कर के कार्यकारी संपादक व वरिष्ठ पत्रकार

> **पुलिस की तरह पत्रकारों का भी काम बहुत ही चुनौती पूर्ण- सत्यनारायण चौधरी**

भुवेंद्र त्यागी ने कहा कि जिस तरह से विज्ञान ने तरक्की की है, बहुत सी चीज के मायने बदले हैं अब पत्रकारिता में भी समय आ गया है कि हमें तकनीक के माध्यम से बदलाव करना चाहिए। कार्यक्रम में मौजूद उत्तर मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी ने कहा कि मेरा मीडिया के साथ पिछले 32 सालों का नाता है जिस तरह से आप राजनेताओं के अच्छे कामों को उजागर करते हैं इस तरह से उनकी कमियों को भी बताकर सावधान करते रहिए। मैंने हमेशा अपने राजनीतिक जीवन में आम लोगों के हित के लिए काम करना पसंद किया है, क्योंकि लोग ही हमें जिताते हैं। इसलिए हमारी भी उनको सुविधा देने की जिम्मेदारी बनती है। कार्यक्रम की शुरूआत में पत्रकार विकास संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश मिश्रा ने संघ द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी और अन्य विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया रेडियो, मुंबई के पूर्व उद्घोषक आनंद सिंह ने किया। इस अवसर पर कवि महेश दुबे और गायक विनोद दुबे ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। पत्रकार विकास संघ की जूरी द्वारा द्वारा चयनित पत्रकारों और पत्रकार मित्रों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमें बेस्ट संपादक के तौर पर पुढारी के तुलसीदास भोइटे, रजत जयंती अवार्ड इंकलाब दैनिक के वरिष्ठ पत्रकार सईद अहमद खान, बेस्ट पॉलिटिकल रिपोर्टर एनबीटी के राजकुमार सिंह, बेस्ट क्राइम रिपोर्टर फ्री प्रेस जर्नल के आशीष सिंह, बेस्ट रिपोर्टर (जनरल कैटेगरी) टाइम्स नाउ नेटवर्क की श्वेता वर्मा, बेस्ट फोटोग्राफर टीओआई प्लस के राजू शिंदे, बेस्ट डिजिटल रिपोर्टर डा. मयूर परीख, बेस्ट यांग जर्नलिस्ट, सीएनएन न्यूज 18 की येशा कोटक, बेस्ट वीडियो जर्नलिस्ट एबीपी माझा के योगेंद्र गुप्ता, पीवीएस जीवन गौरव सम्मान हिंदुस्तान टाइम्स के सेवानिवृत्त डेप्युटी फोटो एडिटर विजयानंद गुप्ता, बेस्ट साप्ताहिक / पाक्षिक सत्यप्रकाश तिवारी, अंशकालिक पीवीएस ज्यूरी अवार्ड दोपहर का सामना के रविंद्र मिश्र के अलावा पत्रकार मित्र सम्मान से प्रख्यात व्यवसायी शिवजी अग्रवाल, आइटी सम्मान से रमन शुक्ला, अधिवक्ता शैलेन्द्र दुबे, शिक्षाविद अजय पांडेय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक द्वय असलम शेख, विद्या जयप्रकाश ठाकुर ने भी अपने अपने विचार रखे। शिवसेना यूबीटी प्रवक्ता आनंद दुबे, आर टी आई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, भाजपा नेता उदयप्रताप सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ पत्रकार सुनील सिंह, अभय मिश्र, अमर त्रिपाठी, अजय सिंह, भानु प्रकाश मिश्र, समीउल्ला खान, धर्मेंद्र पांडेय, राजकिशोर तिवारी, देवांश मिश्र, सचिन शर्मा, अब्दुल चौधरी, मुरारी सिंह, तुफैल खान आदि का विशेष योगदान रहा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# कंगना ने आइटम नंबर्स पर कसा तंज

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी दमदार एक्टिंग से लाखों दिलों पर राज करती हैं लेकिन अभिनेत्री अपनी फिल्मों और एक्टिंग से ज्यादा अपनी विवादित बयानों के चलते चर्चा में बनी रहती हैं। कंगना बॉलीवुड स्टार्स और फिल्म मेकर्स पर खुलकर हमला बोलती हैं। वैसे कंगना बॉलीवुड ही नहीं राजनीतिक मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी बात रखती हैं। हालांकि इस बार एक्ट्रेस ने किसी हीरो या डायरेक्टर को अपने निशाने पर नहीं लिया है बल्कि इस बार कंगना के निशाने पर बॉलीवुड के आइटम नंबर्स हैं जिनके बारे में सोशल मीडिया पर कंगना बड़ी बेबाकी से बोली हैं। कंगना का आइटम नंबर्स को अश्लील और घटिया बताने वाला पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और एक बार फिर कंगना अपनी बातों की वजह से लाइमलाइट में आ गई हैं। वैसे तो ऐसा पहली बार नहीं है जब कंगना ने फिल्म इंडस्ट्री में रहते हुए स्टार पर या उनकी किसी बात पर तंज कसा हो। कंगना ऐसा तो कई बार कर चुकी हैं। हालांकि इस बार कंगना ने बॉलीवुड फिल्मों में ग्लैमर का तड़का लगाने वाले आइटम नंबर्स को लेकर एक लंबा चौड़ा नोट अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। कंगना रनौत ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर दिवंगत अभिनेत्री मधुबाला के पॉपुलर सॉन्ग 'ऐ मेहरबान' का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सेंसुअलिटी और प्रलोभन का अश्लीलता और घटिया आइटम नंबर से कोई लेना-देना नहीं है... इस गाने में सब कुछ है फिर भी महिला और उसके शरीर के अंगों का कोई ऑब्जेक्टिफिकेशन नहीं है...।

# सच में लिए हॉर्मोन्स के इंजेक्शन?

**बॉलीवुड** से लेकर टॉलीवुड तक में अपनी खूबसूरती और एक्टिंग का जलवा चलाने वाली एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी को आज कौन नहीं जानता है? उन्होंने लाखों लोगों को अपना दीवाना बना रखा है. हंसिका मोटवानी ने तमिल, तेलुगू, हिंदी, मलयालम, कन्नड़ फिल्मों में काम करके अपने हुनर को साबित किया है. हंसिका ने कई ब्लॉकबस्टर और ताबड़तोड़ कमाई करने वाली साउथ इंडियन फिल्मों में भी काम किया है. हंसिका मोटवानी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत टेलीविजन के शो 'शाका लाका बूम बूम' और 'देश में निकला होगा चांद' से बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी. इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड के सुपरस्टार माने जाने वाले रितिक रोशन के साथ फिल्म 'कोई मिल गया' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया था. उसके बाद वह हिमेश रेशमिया के साथ आप का सुरूर में नजर आईं.





# 'रॉकी' के बाद फ्लॉप हो गए थे संजय दत्त

**संजय दत्त** बतौर एक्टर साल 1981 में आई 'रॉकी' से बॉलीवुड में कदम रखा था. उनकी डेब्यू फिल्म हिट रही और 1.2 करोड़ में बनी इस मूवी ने वर्ल्डवाइड 6.4 करोड़ का बिजनेस किया. हालांकि पहली हिट देने के बाद संजय दत्त की एक के बाद एक लगातार 10 फिल्में सुपरफ्लॉप हुई थी. संजय 10 फ्लॉप फिल्में में 'जॉनी आई लव यू' ( 1982) 'विधाता' (1982) ' बेकरार','मैं आवारा हूं' (1983), 'जमीन आसमान'. 'मेरा फैसला' (1984) ,'दो दिलों की दास्तां' 'जान की बाजी' (1985)'मेरा हक','जीवा' (1986) आदि शामिल हैं. कुछ फिल्मों में संजय ने कैमियो किया था. हालांकि उनके नाम पर चलने वाली ये सारी फिल्में एक के बाद एक रिलीज हुईं और सभी सुपरफ्लॉप साबित हुईं थीं. यह वही बुरा वक्त था, जब संजय दत्त ड्रग की लत के शिकार भी हो चुके थे. ड्रग एडिक्ट हो चुके संजय दत्त अपनी लगातार फ्लॉप होती फिल्मों से काफी हताश हो गए थे. कहा जाता है कि इन वजहों से वह निगेटिव खबरों में रहने लगे थे.